भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1821

17 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

अमृत के अंतर्गत तिरुपति के लिए सुविधाओं का प्रावधान

1821 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अमृत के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य के तिरुपति शहर के लिए जलापूर्ति के लिए 3 परियोजनाएं, सीवेज और सेप्टेज प्रबंधन के लिए 2 परियोजनाएं, जल निकासी के लिए 2 परियोजनाएं और पार्कों के विकास के लिए 3 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनकी अनुमानित लागत 209 करोड़ रुपये है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या परियोजनाएं पूरी होकर चालू हो गई हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो विलंब के क्या कारण हैं और इनके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत तिरुपति शहर में 209.81 करोड़ रु. की लागत से 03 जलापूर्ति परियोजनाएं, 02 सीवरेज एवं सेप्टेज परियोजनाएं, 02 वर्षा जल निकासी परियोजनाएं तथा 03 पार्क परियोजनाएं स्वीकृत की गई थीं। तिरुपति शहर में अमृत के अंतर्गत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि अमृत के अंतर्गत सभी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और चालू हैं।

******

"अमृत के अंतर्गत तिरुपति के लिए सुविधाओं का प्रावधान" के संबंध में दिनांक 17.03.2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1821 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्र	परियोजना लागत* (करोड़ रूपये में)
1	5.15 कि.मी. की प्रमुख वर्षा जल नालियां	जलनिकासी	4.05
2	5.15 कि.मी. की प्रमुख वर्षा जल नालियां - चरण II	जलनिकासी	8.14
3	नगरनिगम सेंटीनेरी प्रकाशम पार्क का विकास	अन्य (पार्क)	0.75
4	अमृत योजना 2016-17 के अंतर्गत एम.आर. पल्ली पार्क का विकास	अन्य (पार्क)	0.68
5	अमृत योजना 2016-17 के अंतर्गत एम.आर.पल्ली पार्क का विकास - चरण II	अन्य (पार्क)	1.28
6	नये सीवर हाउस सर्विस कनेक्शन - 50000. कवर न किए गए क्षेत्रों में नई सीवर पाइपलाइनें - 53 किमी	सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन	21.01
7	नए सीवर हाउस सर्विस कनेक्शन - 50000. कवर न किए गए क्षेत्रों में नई सीवर पाइप लाइनें - 53 किलोमीटर - चरण II	सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन	34.28
8	अमृत योजना के अंतर्गत तिरुपति नगर निगम में जहां भी स्रोत उपलब्ध है, वहां जल आपूर्ति हाउस सर्विस कनेक्शन, वितरण लाइनें और जलाशय (एलिवेटेड/जीएल) उपलब्ध कराना	जलापूर्ति	89.83
9	जलापूर्ति योजना भाग-1 (ईएसआर - 4500 केएल और फीडर मेन्स - 18 किमी), भाग-2 (वितरण प्रणाली - 120 किमी और हाउस सर्विस कनेक्शन - 8500	जलापूर्ति	19.36
10	जलापूर्ति योजना भाग-1 (ईएसआर - 4500 केएल और फीडर मेन्स - 18 किमी), भाग - 2 (वितरण प्रणाली - 120 किमी और हाउस सर्विस कनेक्शन - 8500 - चरण II)	जलापूर्ति	30.43
कुल			209.81

***संचालन एवं रखरखाव लागत को छोड़कर**

******